## खबर संक्षेप

### जीतनगर पंचायत में 10.66 लाख का घोटालाः वसूली के आदेश

**मैहर।** जनपद की जीतनगर पंचायत में मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद की राशि के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। बिना कोई निर्माण कार्य कराए लाखों रुपये की राशि आहरित कर ली गई। इस गंभीर वित्तीय अनियमितता पर जिला पंचायत सीईओ ने सरपंच आशा कोल, सचिव श्यामलाल कुशवाहा और संबंधित इंजीनियरों को नोटिस जारी किया है। पंचायत राज अधिनियम की धारा 92 के तहत दोषियों से 10.66 लाख रुपये की वसूली प्रस्तावित की गई है। आरोप है कि डैम और उचित मूल्य दुकान निर्माण के नाम पर आई राशि का बंदरबांट किया गया है।

### मां शारदा रोपवे प्रबंधन को नोटिसः वित्तीय गड़बड़ी की आशंका



**मैहर।** प्रसिद्ध मां शारदा मंदिर में संचालित दामोदर रोपवे एक बार फिर विवादों में है। एसडीएम और मंदिर प्रबंध समिति की प्रशासक दिव्या पटेल ने रोपवे प्रबंधन को वित्तीय अनियमितता और सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने की आशंका में नोटिस जारी किया है। आय और जमा राशि के रिकॉर्ड में भारी अंतर पाए जाने के बाद प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन को 'एस्क्रो अकाउंट' खुलवाने के निर्देश भी दिए गए हैं। यदि जांच में गड़बड़ी पुख्ता होती है,तो कंपनी पर बड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

### इलाज में लापरवाही पर डॉक्टर के खिलाफ जांच टीम गठित

**सतना।** सार्थक हॉस्पिटल की डॉक्टर रश्मि एक बार फिर विवादों में हैं। नागौद की एक गर्भवती महिला के परिजनों ने डॉक्टर पर गलत इलाज करने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला की स्थिति में सुधार न होने पर जब परिजनों ने दूसरे विशेषज्ञ को दिखाया,तो पता चला कि अब तक किया जा रहा इलाज गलत था। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच टीम गठित कर दी है,जो इलाज के दस्तावेजों और प्रक्रिया की बारीकी से जांच करेगी।

# सतना और मैहर में कारें हुईं बेलगाम, मासूम सहित 8 लोग घायल



**सतना।** विंध्य क्षेत्र में बुधवार का दिन सड़क हादसों के नाम रहा। सतना शहर और मैहर जिले के झुकेही में हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं ने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। इन हादसों में एक 6 माह की मासूम और महिलाओं समेत कुल 8 लोग घायल हुए हैं।

विशाल मेगा मार्ट के पास अनियंत्रित कार ने ठेले को उड़ाया सिटी कोतवाली क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई,जब एक तेज रफ्तार कार ने विशाल मेगामाट के पास किनारे खड़े एक ठेले को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,कार की गति इतनी अधिक थी कि ठेले को टक्कर मारने के बाद वाहन अनियंत्रित हो गया और सीधे सड़क किनारे की दीवार से जा भिड़ा। इस टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची और घायल को अस्पताल पहुँचाने के साथ-साथ क्षतिग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटवाया।

### झुकेही में ढाबे में जा घुसी एस-प्रेसो, एक ही परिवार के 6 लोग घायल

दूसरी ओर,मैहर जिले के झुकेही चौकी अंतर्गत नेशनल हाईवे-30 पर एक हृदयविदारक हादसा सामने आया। मैहर में माँ शारदा के दर्शन कर कटनी लौट रहा एक परिवार भीषण दुर्घटना का शिकार हो गया। कटनी निवासी सोनी परिवार अपनी मारुति सुजुकी एस-प्रेसो एमपी 21 जेडसी 0845 से वापस लौट रहा था। बुधवार सुबह झुकेही के पास चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। बेकाबू कार सड़क किनारे स्थित 'बागेश्वर ढाबा' की दीवार और फर्नीचर को तोड़ते हुए भीतर जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ढाबे के अंदर



रखा सामान चकनाचूर हो गया और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### घायलों की सूची

इस दुर्घटना में ढाबा कर्मियों और कार सवार यात्रियों सहित कुल 7 लोग हताहत हुए हैं,जिनमें एक ही परिवार के 6 सदस्य मुख्य रूप से घायल हैंः
नीलू सोनी 33 वर्ष,उर्मिला सोनी 59 वर्ष,रश्मि सोनी 27 वर्ष, आयशा सोनी 7 वर्ष,अनिल सोनी 29 वर्ष व अवनी सोनी 6माह की मासूम है। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को तुरंत मलबे से बाहर निकाला गया।सभी घायलों



को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### चित्रकूट में बंदर को बचाने के चक्कर में बाइक सवार गंभीर



**सतना।** चित्रकूट थाना अंतर्गत सती अनुसूया मार्ग पर झुरी नदी के पास एक भयानक सड़क दुर्घटना हुई है। चलती बाइक के सामने अचानक एक बंदर आ गया,जिसे बचाने की कोशिश में बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल को तुरंत उपचार के लिए नजदीकी जानकीकुण्ड अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जननी वाहन की लापरवाहीः जिला अस्पताल के गेट पर ऑटो में हुआ प्रसव



**सतना।** भीषण गर्मी और सिस्टम की बदहाली का एक विचलित करने वाला मामला सामने आया है। सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के गेट पर एक महिला ने ऑटो में ही बच्चे को जन्म दे दिया। आरोप है कि जननी एक्सप्रेस (102) समय पर नहीं पहुंची,जिसके कारण परिजनों को महिला को ऑटो से अस्पताल लाना पड़ा। तपती गर्मी (43 डिग्री तापमान) के बीच अस्पताल के प्रवेश द्वार पर ही प्रसव हो गया। राहत की बात यह है कि वर्तमान में जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं,लेकिन इस घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं की सजगता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

## नरवाई की आग का तांडवः उचेहरा में धू-धू कर जला हाइवा, चालक को सुरक्षित निकाला गया

**सतना।** उचेहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरीकला गाँव में नरवाई (फसल के अवशेष) की आग ने विकराल रूप धारण कर लिया,जिसकी चपेट में आने से एक हाइवा ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया। यह घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। गनीमत रही कि स्थानीय लोगों की सक्रियता से एक चालक की जान बच गई,हालांकि वाहन को भारी नुकसान पहुँचा है।



### नहर निर्माण कार्य में लगा था वाहन

जानकारी के मुताबिक,पिपरीकला गाँव के पास वर्तमान में नहर निर्माण का कार्य चल रहा है। इस कार्य में रगला निवासी विकास सिंह के वाहन (हाइवा) लगे हुए हैं। बुधवार रात खेतों में अज्ञात कारणों से नरवाई की आग भड़क उठी। तेज हवाओं के कारण आग ने देखते ही देखते भीषण रूप ले लिया और पास ही खड़े वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया।

### ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

जिस स्थान पर आग लगी,वहाँ दो हाइवा खड़े थे। एक हाइवा में चालक मौजूद था। जैसे ही आग फैली, स्थानीय ग्रामीणों ने अदम्य साहस दिखाते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं,दूसरा हाइवा जो खराब स्थिति में वहीं खड़ा था,वह आग की लपटों से घिर गया और बुरी तरह जल गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और इसकी सूचना उचेहरा पुलिस को दी। नरवाई जलाने की लापरवाही के कारण हुई इस घटना ने एक बार फिर किसानों और



प्रशासन के सामने सुरक्षा संबंधी चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

## एकेएस विश्वविद्यालय में राजेश कुमार मिश्र को पीएचडी की उपाधि मिली

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय अंतर्गत मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में एक महत्वपूर्ण शोध उपलब्धि दर्ज की गई है। विश्वविद्यालय के शोधार्थी डॉ.राजेश कुमार मिश्र को "डिजाइन डेवलपमेंट एंड परफॉर्मेंस इवैल्यूएशन ऑफ चिमनी असिस्टेड ग्रीन हाउस सोलर ड्रायर फॉर व्हीट एंड पैडी" विषय पर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। यह शोध कार्य मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ.श्रीहर पाण्डेय के निर्देशन में सफलतापूर्वक



पूर्ण हुआ। अध्ययन में भारत के किसानों के समक्ष आने वाली एक गंभीर समस्या गेहूं एवं धान की फसलों में कटाई के बाद अधिक नमी स्तर के कारण फसलों का खराब होना तथा भंडारण के दौरान सड़ने की समस्या का वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किया गया है।इस उद्देश्य से सौर ऊर्जा आधारित चिमनी असिस्टेड ग्रीन हाउस सोलर ड्रायर का डिजाइन एवं निर्माण किया गया,जो फसलों के नमी स्तर को कम करने में सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। यह तकनीक ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ किसानों को आर्थिक रूप से लाभान्वित करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

### पिथौराबाद में आदेशों को ठेंगाः हाईटेंशन टावरों के पास मिट्टी का अवैध उत्खनन

**सतना।** उचेहरा तहसील के पिथौराबाद पंचायत क्षेत्र में प्रशासनिक आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए मिट्टी का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है। सूत्रों के अनुसार,क्षेत्र में कुछ भू-माफिया सक्रिय हैं जो न केवल सरकारी तालाबों,बल्कि हाईटेंशन विद्युत टावरों के संवेदनशील इलाकों के पास भी जेसीबी मशीनों से खुदाई कर रहे हैं। यह मामला तब और गंभीर हो जाता है जब हाल ही में जिला पंचायत सीईओ ने स्पष्ट आदेश जारी कर किसी भी प्रकार के अवैध उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया था कि वे अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखें और उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई करें।इसके बावजूद,दिनदहाड़े ट्रैक्टरों और डंपरों के जरिए मिट्टी का परिवहन कर उसे बाजार में बेचा जा रहा है।प्रशासनिक आदेशों की इस खुली अवहेलना से जनपद और तहसील स्तर के अधिकारियों में भारी नाराजगी है। बिजली के हाईटेंशन टावरों के नीचे से मिट्टी निकालना एक बड़े खतरे को निमंत्रण देना है,जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।स्थानीय प्रशासन अब इस मामले में सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है।एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि केवल वैधकार्यों और विभागीय अनुमति के बाद ही खनन किया जा सकता है,बिना अनुमति के किया जा रहा कोई भी कार्य दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा।

## बरौंधा खरीदी केंद्र में पसरी बदहाली, आखिर किसान की मेहनत का 'गुनाहगार' कौन?

**सतना।** अन्नदाता की मेहनत जब मंडी की चौखट पर आकर सिस्टम की लापरवाही की भेंट चढ़ने लगे, तो सवाल उठना लाजिमी है। मझगवां विकासखंड के बरौंधा गेहूं खरीदी केंद्र से जो तस्वीरें और खबरें सामने आ रही हैं,वे न केवल विचलित करने वाली हैं,बल्कि प्रशासन के दावों की पोल खोलने के लिए काफी हैं।

### खुले आसमान के नीचे 'सोना',प्रबंधन मौन

मौके पर स्थिति यह है कि लगभग 5000 क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे बेतरतीब पड़ा है। न तो अनाज को सुरक्षित रखने के लिए 'चट्टा' लगाया गया है और न ही असमय बारिश से बचाव के लिए तिरपाल की कोई व्यवस्था दिखी। पूरा परिसर अनाज से अटा पड़ा है,लेकिन हैरानी की बात यह है कि वहां काम करने वाले मजदूर (लेबर) नदारद हैं।





### जिम्मेदारों की 'नूराकुश्ती' और किसानों का दर्द

केंद्र पर हफ्तों से खड़े किसान अपनी बारी का इंतजार करते-करते थक चुके हैं। उनकी फसल की तुलाई न होने के पीछे सिर्फ एक रटा-रटाया तर्क दिया जा रहा है लेबर नहीं है। हैरानी की बात यह है कि इस अव्यवस्था पर अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। सप्लायर का स्पष्ट कहना है कि वे गाड़ियां भेजने के लिए तैयार हैं,लेकिन केंद्र प्रबंधन ही लेबर न होने का बहाना बनाकर गाड़ियां बुलाने से मना कर देता है। वहीं समिति प्रबंधक अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय सीधा प्रशासन और सरकार की नीतियों पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं।

### क्या यह महज लापरवाही है या कोई बड़ा खेल?

सरकार द्वारा खरीदी केंद्रों पर लेबर,बारदाना और तिरपाल के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया जाता है। ऐसे में बरौंधा केंद्र की यह बदहाली कई संदेह पैदा करती है। जब व्यवस्थाओं के लिए पैसा आता है,तो मौके पर बुनियादी सुविधाएं गायब क्यों हैं?

### पोर्टल का खेलः

क्या जमीनी स्तर पर तुलाई रोककर पोर्टल पर किसी प्रकार की फर्जी खरीदी दर्ज करने की साजिश रची जा रही है? मझगवां प्रशासन और खाद्य विभाग के आला अधिकारी इस गंभीर अव्यवस्था से अनजान कैसे हैं?

### समय रहते चेतना जरूरी

यदि अगले कुछ घंटों में लेबर की व्यवस्था कर गेहूं का उठाव नहीं किया गया,तो मौसम का मिजाज बदलते ही किसानों की महीनों की मेहनत मिट्टी में मिल जाएगी। किसान पहले ही कर्ज और मौसम की मार झेल रहा है,अब वह सिस्टम की इस 'फाइलों वाली लड़ाई' में अपना अनाज बर्बाद होते नहीं देख सकता।

### अतिक्रमण से मुक्त हुई सड़क, अब मिट्टी भराई के लिए अनुमति की गुहार लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

**सतना।** सतना जिले की उचेहरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिथौराबाद के ग्रामीणों ने एक बार फिर कलेक्ट्रेट का दरवाजा खटखटाया है। एक सप्ताह के भीतर यह दूसरा मौका है जब ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस बार मामला नवनिर्मित सड़क में मिट्टी भराई के लिए शासकीय तालाब से उत्खनन की अनुमति से जुड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि पिथौराबाद से पिपरहाई हार तक जाने वाला मुख्य मार्ग लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में था। कुछ दबंगों द्वारा तार-बाड़ी लगाने के कारण रास्ता इतना संकरा हो गया था कि ट्रैक्टर और हार्वेस्टर जैसे कृषि यंत्रों का निकलना दूभर था। ग्रामीणों की भूख हड़ताल और चक्काजाम की चेतावनी के बाद,कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देश पर तहसीलदार ज्योति पटेल ने जेसीबी चलाकर करीब 2 किलोमीटर की सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया था। सड़क तो खुल गई है,लेकिन उसे सुगम बनाने के लिए मिट्टी डालना अनिवार्य है।ग्राम पंचायत सचिव छकौड़ी लाल पटेल ने उचेहरा एसडीएम से तालाब से मिट्टी निकालने की अनुमति मांगी थी,जो अब तक नहीं मिली। थक-हारकर ग्रामीण अब जिला मुख्यालय पहुंचे हैं। एसडीएम सुमेश द्विवेदी का कहना है कि ग्रामीणों को इसके लिए खनिज विभाग से अनुमति लेनी होगी। विभाग के मूल्यांकन के आधार पर सड़क निर्माण के लिए आवश्यक मिट्टी निकालने की मंजूरी दी जाएगी।



**खबर संक्षेप**

### तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए अनुरक्षकों की लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आगामी 27 मई से 2 जून तक पन्ना जिले के तीर्थ यात्री श्री द्वारका-सोमनाथ जी की यात्रा करेंगे। यात्रा अवधि में तीर्थ यात्रियों के साथ अनुरक्षकों की ड्यूटी भी निर्धारित कर दी गई है। इनमें नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे 9685922917, सहायक ग्रेड तीन आशीष कुमार रैकवार 9893185343, सत्यम रेले 7974936125 एवं अजीत सिंह 9098280092 शामिल हैं। अनुरक्षकों को बगैर टिकट के किसी भी व्यक्ति अथवा चयनित तीर्थ यात्री के स्थान पर अन्य व्यक्तियों को तीर्थ यात्रा में नहीं ले जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर अनुरक्षक व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। कुल 191 तीर्थयात्रियों को शासन के निर्देश मुताबिक सुव्यवस्थित रूप से यात्रा करवाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 19 मई को

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक मंगलवार, 19 मई को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक शमा बानो द्वारा सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### फांसी के फंदे पर झूली युवती, पुलिस ने सुसाइड नोट किया बरामद खुलेगा राज



**पन्ना।** पन्ना नगर के सिविल लाइन चौकी अंतर्गत अजयगढ़ चौराहे स्थित बंधन बैंक वाली गली से एक खौफनाक मामला सामने आया है। यहाँ इटवा कला निवासी 22 वर्षीय कुमारी निशी त्रिपाठी ने अपने ही मकान में पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। सुसाइड नोट में दो लोगों के नाम उजागर हो रहे है मृतका निशी के शव के पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। इस नोट में एक महिला और एक पुरुष का नाम साफ-साफ दर्ज है। निशी ने मरने से पहले सुसाइड नोट में इन दोनों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कॉलेज के साथी या कोई बाहरी? पुलिस जांच में जुटी है अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि सुसाइड नोट में लिखे नाम निशी के कॉलेज के किसी स्टूडेंट के हैं या बाहर के किसी व्यक्ति के। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और हर एक एंगल से मामले की बारीकी से विवेचना कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है, जहां परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। आखिर 22 साल की निशी को इस आत्मघाती कदम के लिए मजबूर करने वाले वो दो चेहरे कौन हैं? क्या पुलिस जल्द ही इन आरोपियों को बेनकाब कर पाएगी। बताया जाता है कि जिस युवक का नाम आ रहा है वह सत्ताधारी पार्टी से जुड़ा है।

### शासकीय कार्य में लापरवाही पर वार्ड बॉय निलंबित

**पन्ना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी ने खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवेन्द्रनगर के प्रतिवेदन पर तत्काल प्रभाव से वार्ड बॉय राजेश कुमार बेन को निलंबित करने की कार्यवाही की है। सीएचसी देवेन्द्रनगर के निलंबित वार्ड बॉय का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अजयगढ़ निर्धारित किया गया है। इस अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।बीएमओ द्वारा पत्र के माध्यम से वार्ड बॉय के संबंध में पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर पूर्व में जारी कारण बताओ नोटिस गया था।

# महिला अधिकारियों के मार्गदर्शन में संवेदनशील और सफल प्रदर्शन, सिंचाई परियोजनाओं का कार्य फिर शुरू, प्रशासन ने कानून का पालन कराया

**महिलाओं की अंगुवाई व भागीदारी का सबसे बड़ा धरना-प्रदर्शन सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को रोकने की दशा को महिला अधिकारियों के मार्गदर्शन में सफल क्रियावन्यन संवेदनशीलता के साथ जाना गया**

जिले में एक लम्बे दशक के बाद जहां सिंचाई परियोजनाओं के कार्य को रोक कर मुआवजे की राशि की मांग वहीं अमित भटनागर की रिहाई को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का धरना प्रदर्शन महिलाओं की अंगुवाई में सायद जिले में पहली बार संघर्ष की ओर था।







पन्ना।

जिले में कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार व पुलिस अधीक्षक निवेदता नायडू वहीं अपर पुलिस अधीक्षक बंदना सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कानून का पालन कराने में पुलिस की कार्यप्रणाली सफलता को लेकर जानी गई।

पन्ना जिले में सायद अब तक का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन वह भी महिलाओं की अंगुवाई में नजर आया। जहां रूंझ डेम सिंचाई परियोजना व मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना की कार्य को रोककर जहां आदिवासियों के परिवारों के साथ किसानों की भूमिका वहीं केन बेतवां लिंक परियोजना से जोड़कर जहां इस तरह का विरोध जिले में पहली बार चर्चा में रहा। पटल में नजर भी आया। वहीं अमित भटनागर की गिरफतारी के बाद रिहाई को लेकर महिलाओं की अंगुवाई में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का लगभग दो दिवसीय धरना प्रदर्शन जो भले ही कांग्रेस के नेता भी सपोर्ट व नेतृत्व कर रहे थे। पर इस विरोध प्रदर्शन में महिलाओं की भूमिका वह भी आदिवासी परिवारों की लोगों के द्वारा जिस तरह से भागीदारी की गई वह देखते ही बनता था। पर यह बात भी सदैव के लिए सफल प्रशासन की भूमिका को लेकर जाना जायेगा। जहां इस समय जिले में कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार वहीं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू व अपर पुलिस अधीक्षक बंदना सिंह चौहान के मार्गदर्शन में समूचे विरोध प्रदर्शन में कानून का पालन कराते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली जो संवेदनशीलता के साथ जानी गई है। वह निश्चितौर पर जिले में सदैव सफल प्रशासन को लेकर याद रहेगा। क्योंकि जहां विपक्ष की भूमिका निभा रहे कांग्रेस पार्टी जो आग में होम डालकर उसे ज्वलंत करने को लेकर मुद्दे को बनाये हुए थी। वहीं जिले की महिला अधिकारियों का समन्वय के साथ जहां जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की भूमिका अपने आप में बिना किसी आरोप के भी अमित भटनागर की गिरफतारी जल संसाधन विभाग के एसडीओ के द्वारा जो कार्य रोके जाने को लेकर लिखित में कार्यवाही की गई थी। जिस पर पुलिस ने बाखूबी मामले को संवेदनशीलता के साथ दर्ज करते हुए स्वयं अमित भटनागर व कुछ लोगों को कानून का पालन कराये जाने को लेकर गिरफतारी भी की वहीं समूचे विरोध प्रदर्शन को बाखूबी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जहां विपक्ष की भूमिका निभाने वाले कांग्रेस पार्टी के नेताओं में विधायक से लेकर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष तक जो पन्ना आये वहीं धरना प्रदर्शन में जिले के कांग्रेसी नेताओं की भूमिका साथ ही महिलाओं की अंगुवाई में आदिवासी परिवारों की विशेष उपस्थिति वहीं किसानों के रूप में रूंझ डेम व मझगायं मध्यम सिंचाई परियोजना से प्रभावित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर जो यह धरना प्रदर्शन किया वहीं कानून का पालन कराये जाने को लेकर कलेक्टर पन्ना का सफल मार्गदर्शन वहीं संबंधित राजस्व विभाग के एसडीएम व तहसीलदार की भूमिका जो असल में पटल पर रहती है साथ ही सबसे बड़ी चुनौती जहां पुलिस अधीक्षक निवेदता नायडू के लिए जो जिला प्रशासन के सहयोग में पुलिस प्रशासन का कर्तव्य लाईन आर्डर का पालन कराते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली को अंजाम देना सफल भूमिका के लिए सदैव जाना जायेगा। जिनके मार्गदशर्न में वहीं महिला अपर पुलिस अधीक्षक बंदना सिंह चौहान की भूमिका क्रियान्वयन की दिशा के साथ सबसे बड़ी चुनौती जमीनी स्तर पर एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया तथा थाना प्रभारी अजयगढ़ वहीं समूचे जिले की पुलिस जिन्हें तैनात किया गया था। सभी ने एक सफल कार्यप्रणाली को संयम के साथ जो अपनी कर्तव्यनिष्ठा से कार्य किया यह समय जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के आपसी समन्वय के साथ कानून का पालन कराये जाने को लेकर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली सदैव के लिए यादगार बनी। बिना किसी मामले के भी पुलिस ने बाखूबी धरना प्रदर्शन भी जहां पुलिस अधीक्षक निवेदता नायडू ने खत्म कराया वहीं एक भी मामला पुलिस के द्वारा ज्यादती का नहीं आया। यह संवेदनशीलता पन्ना पुलिस की जहां हर समय के लिए कार्यप्रणाली छाप छोड़ने को लेकर मानी जा रही है। निश्चितौर पर केन बेतवां लिंक परियोजना से जोड़कर जो इन सिंचाई परियोजनाओं से प्रभावित लोग मुआवजे की राशि की जो मांग कर रहे है वह अपने आप में बड़ा सवाल है क्योंकि जो सिंचाई परियोजनायें लगभग पूर्ण होने की दशा में अब मुआवजे की मांग पुनः की जा रही है जहां एक बार मुआवजा लेने के बाद जब एवार्ड पारित हुए होगें उस समय मुआवजे देकर जमीन की अधिग्रहण की कार्यवाही भी मानी जा रही है। मकानों के खाली करवाना जो जमीनी रूप से चुनौती थी वहीं पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन अपनी कार्यप्रणाली मे सफल माना जा रहा है यह अलग बात है कि केन बेतवा लिंक परियोजना की तरह सरकार प्रभाविता को मुआवजा राशि देने को लेकर दिशा निर्देश तय करेगी। उसका पालन भी यही अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कराई जाने को लेकर भी जाने जा सकते है। क्योंकि जिस तरह से जिले में आज महिलाओं की अंगुवाई वाले धरना प्रदर्शन व सिंचाई परियोजनाओं की कार्यों की रोकने के विराधे को समाप्त कराकर सिंचाई परियोजनाओं का कार्य आरंभ कराया गया। वहीं धरना प्रदर्शन भी खत्म हुए यह हमारे जिले के संवेदनशील जिला प्रशासन की मुखिया कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार व पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू तथा अपर पुलिस अधीक्षक बंदना सिंह चौहान जो वर्तमान में हमारे जिले में महिला अधिकारी महत्वपूर्ण पदोंपर पदस्थ है। जिनकी सफल कार्यप्रणाली सामने आई। सफलता को लेकर सदैव बना इतिहास।

# दिव्यांगजन के अनुमापन सह उपकरण वितरण शिविरों की तिथि निर्धारित

पन्ना।

भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों के अनुमापन सह उपकरण वितरण शिविर के लिए विकासखंडवार तिथियों का निर्धारण किया गया, जिसके तहत जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण अजयगढ़ में आगामी 8 जून को, पन्ना में 9 जून को, गुनौर में 10 जून को, पवई में 11 जून को तथा शाहनगर जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण में 12 जून को शिविर लगाया जाएगा। शिविर में सहायक उत्पादन केन्द्र एलिम्को जबलपुर की सहायक एजेंसी के तकनीकी दल द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के लिए दिव्यांगजनों का अनुमापन किया जाएगा। शिविरों में ही चिन्हांकन उपरांत कृत्रिम अंग जैसे कैलिपर एवं कृत्रिम हाथ पैर आदि पात्र दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि अन्य सहायक उपकरण ई-ट्रायसिकिल, सामान्य ट्रायसिकिल, कान की मशीनें, वैसाखी, वाकर, हाथ छड़ी इत्यादि का पृथक से तिथि निर्धारण कर वितरण किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा संबंधित जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे अधिकाधिक संख्या में हितग्राहियों को लाभांवित किया जा सके। साथ ही विभिन्न माध्यमों से शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जानकारी प्रदान करने सहित निकायों द्वारा ग्राम पंचायत सचिव और वार्ड प्रभारियों को भी संबंधित क्षेत्र के दिव्यांगजनों को शिविर के बारे में अवगत कराते हुए सूची तैयार कर उपलब्ध कराने तथा शिविर में अनिवार्य रूप से दिव्यांगजनों की उपस्थित सुनिश्चित कराने का उत्तरदायित्व सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

**निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्ति के लिए जरूरी दस्तावेज-**

एडिप योजना के तहत निःशुल्क सहायक उपकरणों की प्राप्ति के लिए पात्रता दस्तावेज भी निर्धारित किए गए हैं। सहायक उपकरणों के लिए 40 प्रतिशत अथवा अधिक दिव्यांगता का यूडीआईडी कार्ड एवं ई-ट्रायसिकिल के लिए 80 प्रतिशत अथवा अधिक का दिव्यांगता प्रमाण पत्र आवश्यक है। मासिक आय 22 हजार 500 रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए अथवा बीपीएल राशन कार्ड अनिवार्य है। इसके अलावा आधार कार्ड, समग्र आईडी, दो पासपोर्ट साइज फोटो और सक्रिय मोबाइल नंबर भी आवश्यक है। तीन वर्ष में किसी भी अन्य स्त्रोत से निःशुल्क उपकरण प्राप्त न करने वाले दिव्यांगजन ही एडिप योजना में सहायक उपकरण प्राप्त कर सकते हैं, जबकि ई-ट्रायसिकिल व स्मार्ट फोन के लिए पांच वर्ष की अवधि निर्धारित है। टीम द्वारा परीक्षण कर पात्रतानुसार पात्रता पर्ची प्रदान की जाएगी तथा आगामी दिवसों में सहायक उपकरणों का वितरण होगा। इन शिविरों में जनप्रतिनिधियों को भी अनिवार्यतः आमंत्रित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# जमीन के बंटवारे पर पिता-पुत्र में खूनी संघर्ष, बड़े बेटे ने डंडे से किया हमला

## छोटे बेटे-बेटी बचाने आए तो उनसे भी मारपीट, जान से मारने की धमकी देकर फरार

**शाहनगर थाना क्षेत्र के उमरिया डूडी गांव का मामला, पुलिस ने दर्ज किया केस**

पन्ना।







जिले के थाना शाहनगर क्षेत्र के ग्राम उमरिया डूडी में जमीन के बंटवारे को लेकर बड़े बेटे ने पिता पर डंडे से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए छोटे भाई और बहन के साथ भी मारपीट की। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी रामलाल प्रजापति (50) पिता स्व. बखतुआ प्रजापति, निवासी उमरिया डूडी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रामलाल ने बताया कि वह खेती-किसानी और मजदूरी का काम करता है। उसके दो बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ा बेटा ब्रजेश प्रजापति अपनी पत्नी के साथ बगल के मकान में रहता है, जबकि छोटा बेटा बृजेन्द्र प्रजापति और बेटी ज्योति प्रजापति उसके साथ रहते हैं। रामलाल प्रजापतिश के अनुसार 14/05/26 को दिन में करीब 11:30 बजे बड़ा बेटा ब्रजेश प्रजापति घर के सामने आया और जमीन के हिस्से की मांग करने लगा। रामलाल ने कहा कि तुम्हारे हिस्से की जमीन और घर पहले ही दे दिया है। इसी बात पर ब्रजेश गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर उसने वहीं पड़ा डंडा उठाकर रामलाल प्रजापति के सिर के पीछे मार दिया। शोर सुनकर छोटा बेटा बृजेन्द्र प्रजापति और बेटी ज्योति प्रजापति बीच-बचाव करने आए तो आरोपी ब्रजेश ने उनसे भी हाथापाई की। बृजेन्द्र के होंठ पर और ज्योति के बाएं हाथ की गदेली के पास चोट आई है। चीख-पुकार सुनकर गांव के सुरेन्द्र यादव और कोमल यादव मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। फरियादी का आरोप है कि जाते-जाते ब्रजेश धमकी देकर गया कि आज तो बच गया, अगली बार हिस्सा नहीं दिया तो जान से खत्म कर दूंगा। शाहनगर पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट के अधार पर आरोपी ब्रजेश प्रजापति के खिलाफ ठछै की धारा 296(बी), 115(2), 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**इनका कहना है-**

पिता की रिपोर्ट के अधार पर बेटे पर मामला दर्ज कर लिया गया है जांच जारी है दोनो पिता पुत्र का विवाद एक सप्ताह पहले भी हुआ था जिसमें पुलिस ने दोनो पर मामला दर्ज कर पवई न्यायलय मे पेश किया था जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया था।

**प्रधान आरक्षक मनोज त्रिपाठी थाना शाहनगर**

# जल जीवन मिशन को सशक्त बनाने पन्ना में तैयार हुआ पहला ग्रामीण नल जल तकनीकी मॉडल






**प्रत्येक ग्राम पंचायत में नल जल सुधार के लिये संयुक्त रूप से प्रशिक्षित युवा तैयार करेगा समर्थन और विभाग पन्ना जिले में तैयार हो रहे मॉडल राज्य ही नही भारत के लिये उपयोगी होगा - ऐश्वर्या महाजन चेयरमैन एम3एम फाउन्डेसन दिल्ली**

पन्ना।

ग्रामीण नल जल सेवाओं को बनाए रखने हेतु प्लम्बर, ऑपरेटर एवं वाल्व ऑपरेटरों की आय, सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन स्वयं सेवी संस्था समर्थन एमएम फाउन्डेसन के सहयोग एवं जिला प्रशासन के समन्वय से जिले मेंआयोजित किया गया। जल जीवन मिशन को सुदृढ ,निरंतरता,शुद्व पेयजल एवं पर्याप्त पानी सब को मिल सके इसके लिये कार्य कर रहा है। ग्राम पंचायतो को योजना के संचालन एवं संधारण का कार्य राज्य सरकार ने सौपा है इस को देखते हुए संस्था ने प्रशिक्षित टीम का कैडर खड़ा कर जिले में एक मॉडल विकसित किया जा रा है। जिले में आज आजिविका प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी, ऐश्वर्या महाजन एम3एम फाउन्डेसन, परियोजना अधिकारी संजयसिंह परिहार, एसडीओ पीएचई ए.के अवस्थी,आरसेटी निदेशक अरविन्द गुप्ता जल निगम प्रबंधक निशा परिहार,राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन प्रमोद शुक्ला श्रम विभाग की टीम , संस्था के बरिष्ठ साथी एवं कार्यक्रम निदेशक देवीदास किशन निमजे की उपस्थिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री उमराव सिंह मरावी ने कहा कि पन्ना जिले को देश में जल प्रदाय योजनाओं के मरम्मत एवं संचालन (व्-ड) का मॉडल जिला बनाया जाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल सेवाएं नियमित एवं सुचारु रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु जिले में कार्यरत सभी प्लम्बर, ऑपरेटर एवं वाल्व ऑपरेटरों का प्रशिक्षण एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए पंजीयन किया जाएगा। उन्होंने जल जीवन मिशन को सतत एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए तकनीकी दल की सुरक्षा, सम्मान और विकास को अत्यंत आवश्यक बताया। ड3ड थ्वनदकंजपवद के डंदंहपदह ज्तनेजमम एवं च्तमेपकमदज श्री ऐश्वर्या महाजन ने कहा कि “हमने पूरे देश में ऐसा पहला मॉडल देखा है, जो गांव से जिले तक सहज रूप में संचालित हो रहा है। बिना प्रभावी व्-ड व्यवस्था के हर घर जल की परिकल्पना पूर्ण नहीं की जा सकती।” उल्लेखनीय है कि समर्थान संस्था ने पन्ना जिले में ड3ड थ्वनदकंजपवद एवं क्ब्ब्के सहयोग से एक बाज़ार-आधारित व्-ड मॉडल प्रारंभ किया है। यह पहल ग्रामीण जल प्रणालियों के लिए सुलभ, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण मरम्मत एवं रखरखाव सेवाएं सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। स्थानीय तकनीशियनों को संगठित एवं सशक्त बनाकर यह मॉडल अधिक उत्तरदायी एवं टिकाऊ सेवा व्यवस्था विकसित करने का प्रयास कर रहा है। सेवा वितरण में सुधार के साथ-साथ यह पहल तकनीशियनों के कौशल उन्नयन, पेशेवर क्षमता निर्माण एवं उनकी सामाजिक स्थिति को मजबूत करने पर भी बल देती है। कार्यक्रम में समर्थन से कमलचन्द्र सेन ,उपेन्द्र सिंह चालीराजा,गगन सोनी, आपरेटर एवं जल मित्र ने सहयोग किया। श्रमिको को समाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक समृद्वि की पहल कृ कार्यक्रम स्थल में श्रमविभाग एवं समर्थन के सहयोग से स्टाल लगाकर आपरेटर के माध्यम से प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना, आशुष्यमान, ईश्रमर्काउ संबल योजना का लभ भी दिया गया।

# डाक विभाग में अभिकर्ता की होगी नियुक्ति, साक्षात्कार 29 मई को

पन्ना।

भारतीय डाक विभाग अंतर्गत डाक संभाग सतना में पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस एवं रूरल पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस योजनाओं के लिए प्रत्यक्ष अभिकर्ता की नियुक्ति की जाना है। इसके लिए आगामी 29 मई को सुबह 11 बजे से अधीक्षक डाकघर कार्यालय डाक संभाग सतना में साक्षात्कार आयोजित किया गया है। न्यूनतम 18 वर्ष आयु एवं कक्षा 10वीं उत्तीर्ण इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अभिकर्ता नियुक्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्थानीय क्षेत्र का ज्ञान एवं जनसंपर्क रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता मिलेगी। साथ ही बीमा एवं मार्केटिंग अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को भी वरीयता प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय शैक्षणिक अंकसूची एवं प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि प्रस्तुत करना होगा। अधिक जानकारी के लिए विकास अधिकारी डाक जीवन बीमा डाक संभाग सतना के मोबाइल नंबर 9621787969 पर संपर्क किया जा सकता है।



# खरमोरा एचएन-43 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से वयस्क तेंदुए की मौत

**टिकरिया बीट की सीमा पर 13 मई की रात 11 बजे हुआ हादसा, सुबह 5 बजे तक चली जांच**

**सीसीएफ, डीएफओ, एसडीओ समेत अफसरों की मौजूदगी में हुआ पोस्टमार्टम और दाह संस्कार**

पवई।



कटनी-पन्ना नेशनल हाईवे पर शाहनगर वन परिक्षेत्र की टिकरिया बीट की सीमा रेखा से लगे पवई रेंज क्षेत्र के खरमोरा के पास बुधवार 13 मई की रात 11 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वयस्क तेंदुए की मौत हो गई। रात में विचरण करते हुए सड़क पार कर रहे तेंदुए को तेज रफ्तार वाहन ने इतनी जबरदस्त टक्कर मारी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर वन विभाग की टीम बुधवार रात ही मौके पर पहुंच गई। टीम ने तत्काल क्षेत्र की घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाना शुरू किया। वनकर्मी रातभर घटनास्थल पर डटे रहे और गुरुवार सुबह 5 बजे तक सर्चिंग की गई। पन्ना टाइगर रिजर्व से आए डॉग स्क्वाड की मदद से भी इलाके की छानबीन कराई गई।

**अफसरों की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार-**

गुरुवार को वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव गुप्ता ने शव का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत सीसीएफ छतरपुर नरेश यादव, डीएफओ पन्ना अनुपम शर्मा, एसडीओ अक्षत जैन, वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल, नायब तहसीलदार रामप्रकाश बरकरे, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी रमेश चन्द्र गुप्ता एवं जन प्रतिनिधि प्रदीप मिश्रा व वन अमले की मौजूदगी में तेंदुए का दाह संस्कार किया गया।

### खबर संक्षेप

## 22 मई को होगा दो काव्य संग्रहों का लोकार्पण और साहित्यिक चर्चा

**छतरपुर।** शहर के जटाशंकर पैलेस में आगामी 22 मई 2026 को एक भव्य साहित्यिक आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में श्रीमती विमल बुंदेला के काव्य संग्रह तुम से शुरू तुम तक और डॉ. आराधना सिंह बुंदेला के काव्य संग्रह संस्कृति की धरोहर का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन शाम 5 बजे से बस स्टैंड के पास स्थित जटाशंकर पैलेस में होगा, जिसमें लोकार्पण के साथ-साथ संस्कृति की धरोहर काव्य संग्रह पर विशेष साहित्यिक चर्चा भी आयोजित की जाएगी।इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री डॉ. अवध किशोर जडिय़ा होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री श्रीमती मालती श्रीवास्तव द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. बहादुर सिंह परमार, डॉ. गायत्री वाजपेयी, डॉ. शरद सिंह, सुश्री आभा श्रीवास्तव, कवि अभिराम पाठक और विकास चतुर्वेदी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. यशपाल सिंह बुंदेला मेदांता हॉस्पिटल, नोएडा के न्यूरो सर्जरी विभाग के डायरेक्टर एवं विभागाध्यक्ष ने साहित्य प्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

## धुबेला म्यूजियम के पास युवक-युवती पर हमला



**नौगांव।** नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मऊ सानिया धुबेला म्यूजियम के पास तालाब किनारे बैठे एक युवक और उसकी मंगेतर के साथ अज्ञात युवकों ने मारपीट, छेडख़ानी और जान से मारने का प्रयास किया। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी, जिनमें से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है।फरियादी शुभ मिश्रा निवासी छतरपुर ने रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी मंगेतर के साथ धुबेला म्यूजियम के पीछे तालाब के किनारे बैठे थे। तभी शैलेंद्र यादव निवासी धमची, दीपक यादव निवासी नौगांव, विनीत घोष निवासी महेवा बुलड और एक नाबालिग आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे। आरोपियों ने शराब पीने के लिए दो हजार रुपये की मांग की। इनकार करने पर उन्होंने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी, गाली-गलौज की, छेडख़ानी की और जान से मारने की नीयत से युवक को पानी में डुबोकर मारने का प्रयास भी किया।सूत्रों के अनुसार ये आरोपी लंबे समय से धुबेला क्षेत्र की पहाडिय़ों पर आने वाले युवकों के साथ मारपीट व लूटपाट की घटनाओं में शामिल रहे हैं। पूरे घटनाक्रम में 7-8 युवक शामिल बताए जा रहे हैं, हालांकि रिपोर्ट में चार नाम दर्ज कराए गए थे। अपराध क्रमांक 313/26 के तहत धारा 126(2), 296बी, 119(1), 115(2), 351(3), 109(1), 74 एवं 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान 14 मई 2026 को शैलेंद्र यादव और दीपक यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। नाबालिग आरोपी को बाल न्यायालय छतरपुर में अपहेंडेड फॉर्म भरकर पेश किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसा, छतरपुर में पुलिस-ग्रामीण संघर्ष जारी

# पथराव करने वालों को पकड़ने गए पुलिस बल पर दूसरे दिन भी पथराव

**छतरपुर।** केन बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत ढोडऩ पलकौहां में वन रहे बांध को लेकर लगातार तनाव बढता ही जा रहा है। बुधवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस बल पर आदिवासियों ने पथराव किया था। जिस पर अमित भटनागर सहित सैकड़ो लोगों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया है। आज दूसरे दिन पथराव करने वाले आरोपियों को पकडने जब पुलिस टीम पहुंची तो पुलिस टीम को देखते ही ग्रामीण फिर आक्रोशित हो गए और हमला बोल दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एडीशनल एसपी आदित्य पटले ने भारी पुलिस बल के साथ खुद मोर्चा संभाला और पथराव करने वालों को खदेड़ दिया। समाचार लिखे जाने तक पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात था और पुलिस प्रशासन उपद्रव कारियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास कर रहा था।

बुधवार को जब प्रशासन का अमला जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमण के मकान गिरा रहा था तो पुलिस बल पर पथराव किया गया था। पथराव की घटना के बाद कलेक्टर, एसपी भी मौके पर पहुंच गए थे और स्थिति को नियंत्रित किया था। कलेक्टर ने स्पष्ट



कहा था कि जिनको कोई समस्या है वह आकर अपना पक्ष रख सकते है। लेकिन पथराव के मामले में हत्या का प्रयास जैसी गंभीर धाराओं में अमित भटनागर, दिव्या अहिरवार, हिसाबी राजपूत सहित 50 नामजद और 150 अज्ञात लोगों पर धारा 109, 191(2) 191(3) 190,324,125,296,35,61 (2) के तहत देर रात मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में फरियादी रामप्रसाद कुशवाहा पिता हरी कुशवाहा उम्र 19 वर्ष निवासी दशई पुरा थाना बमीठा जिला छतरपुर ने अपने साथी नीरज कुशवाहा ,पुष्पेन्द्र कुशवाहा निवासी पथरगुवा के साथ थाना किशनगढ़ पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने रिपोर्ट में बताया था कि ढोडऩ पलकौहा, खरियानी तथा आसपास के गांव के लगभग 200 महिला पुरूष एक राय होकर लाठी, डड़ा, पत्थर लेकर दौड़ पड़े थे। हिसाबी राजपूत, अमित भटनागर, और दिव्या अहिरवार का आदेश हुआ है। ऐसा चिल्लाकर कह रहें थे कि जो भी अधिकारी कर्मचारी आए है वह गांव से जिंदा ना जाने पाए जेसीबी और बाहनों में आग लगा दो जेसीबी मशीन में पत्थर मारने लगे जिससे उसके कांच टूट गए तहसीलदार की गाड़ी को भी नुकसान पहुंचा था अब देखना यह है कि यह मामला कहां तक पहुंचता है।

## 10 लाख की फिरौती मांगकर जंगल में छिपे थे बदमाश, पुलिस ने सुरक्षित छुड़ाया



**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र से अपहरण की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहाँ सड़क निर्माण से जुड़ी एमकेसी कंपनी के सुपरवाइजर राम खिलाड़ी शर्मा का बदमाशों ने फिरौती के लिए अपहरण कर लिया। हालांकि, पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीमों ने रातभर सघन सर्चिंग कर सटई के जंगलों से पीड़ित को सुरक्षित मुक्त करा लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र के मोरवा गांव में सड़क निर्माण के लिए मिट्टी उपलब्ध कराने वाली एमकेसी कंपनी का कार्यालय स्थित है। कंपनी के मैनेजर संजय सोढ़ी ने पुलिस को सूचना दी कि बोलेरो सवार तीन अज्ञात बदमाश कार्यालय पहुंचे और सुपरवाइजर राम खिलाड़ी शर्मा के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद बदमाश उन्हें जबरन गाड़ी में डालकर ले गए। अपहरण के कुछ ही देर बाद बदमाशों ने परिजनों से 10 लाख रुपये की फिरौती की मांग की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी रजत सकलेचा और एएसपी आदित्य पटले ने तत्काल कोतवाली, सिविल लाइन और ओरछा रोड थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित कीं। सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि पुलिस बल ने रातभर संदिग्ध ठिकानों और जंगलों की सर्चिंग की। पुलिस के बढ़ते दबाव को देख बदमाश पीड़ित को सटई क्षेत्र के जंगलों में छोड़कर भागने की कोशिश करने लगे, जहाँ से पुलिस ने राम खिलाड़ी शर्मा को सुरक्षित आजाद करा लिया।

### फिरौती की रकम वाला खाता होल्ड

अपहरणकर्ताओं के डर से परिजनों ने फिरौती की कुछ राशि बदमाशों द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दी थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित बैंक खाते को तत्काल होल्ड करा दिया है, जिससे बदमाशों तक पैसा न पहुंच सके।

### एक संदेही हिरासत में, तलाश जारी

पुलिस ने इस मामले में एक संदेही को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों को भी चिन्हित कर लिया गया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पीड़ित सुपरवाइजर के सुरक्षित मिल जाने से कंपनी और परिजनों ने राहत की सांस ली है।

## बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप



### पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई गुहार

**छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपट में दबंगों की प्रताडऩा से तंग आकर एक युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का मामला सामने आया है। गुरुवार को पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। परिजनों का आरोप है कि गांव के कुछ लोग उनके बेटे और परिवार को लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं, जिससे तंग आकर उनके बेटे ने फांसी लगाने का प्रयास किया।

ग्राम पिपट निवासी रामप्रसाद कुशवाहा ने एसपी को सौंपे आवेदन में बताया कि आरोपी आए दिन घर पहुंचकर गाली-गलौज करते हैं और झूठे आरोप लगाकर धमकियां देते हैं। इसी तनाव के चलते 12 मई को उनके बेटे ने नदी किनारे फांसी लगाने का प्रयास किया था। समय रहते परिजनों ने उसे देख लिया और गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। फिलहाल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका उपचार जारी है। पीड़ित परिवार ने राजनगर थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि घटना की जानकारी देने के बावजूद पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। परिजनों का दावा है कि थाने जाने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। पीड़ित पिता ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है ताकि उनके परिवार को सुरक्षा मिल सके।

## नवनियुक्त राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेखा यादव का बड़ामलहरा में भव्य स्वागत



**बड़ामलहरा।** नवनियुक्त राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेखा यादव के प्रथम बड़ामलहरा आगमन पर नगर में भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित कर ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। नगर में पूरे दिन उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

युवा नेता मयंक डेवडिया ने अपने प्रतिष्ठान पर श्रीमती रेखा यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की धुन पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। स्वागत समारोह का मुख्य आकर्षण मौसमी फलों से किया गया तुलादान रहा, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। उपस्थितजनों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी कार्य करने की अपेक्षा जताई।

वहीं राघव राजा ने भी अपने निवास पर समर्थकों के साथ भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया तथा साल एवं श्रीफल भेंट कर श्रीमती रेखा यादव का सम्मान किया गया। समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया और प्रदेश में महिलाओं के हितों की रक्षा एवं उनके अधिकारों के लिए प्रभावी कार्य करने की उम्मीद व्यक्त की।

अपने स्वागत से अभिभूत श्रीमती रेखा यादव ने सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य महिला आयोग महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। महिलाओं को न्याय दिलाने एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आयोग सदैव तत्पर रहेगा।

## पुलिस लाइन तिराहे पर स्थायी बैरिकेडिंग से बढ़ी परेशानी, 100 मीटर घूमकर निकलने को मजबूर नगरवासी



**छतरपुर।** शहर के पन्ना नाका स्थित जिला पंचायत सीईओ बंगले के सामने बने पुलिस लाइन तिराहे पर नगर पालिका और यातायात पुलिस द्वारा स्थायी बैरिकेडिंग कर रास्ता बंद किए जाने से नगरवासियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। आम लोगों को अब अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए करीब 100 मीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे रोजाना जाम जैसी स्थिति बन रही है।जानकारी के अनुसार पन्ना नाका से पुलिस लाइन की ओर जाने वाली सड़क, जो जिला पंचायत सीईओ बंगले के सामने से होकर गुजरती थी, उसे बैरिकेड लगाकर पूरी तरह बंद कर दिया गया है। पहले इस मार्ग से लोगों को सीधे आवागमन की सुविधा मिलती थी, लेकिन अब वाहन चालकों को गर्ल्स कॉलेज चौराहे तक जाकर वापस पुलिस लाइन की ओर मुडऩा पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बदलाव के कारण समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है। वहीं गर्ल्स कॉलेज चौराहे पर जगह कम होने के कारण वहां भी वाहनों की लंबी कतारें लगने लगी हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।बताया जा रहा है कि पुलिस लाइन तिराहे से निकलने वाले वाहनों तथा पुलिस लाइन, महल, चौक बाजार, संकटमोचन, राजनगर, विक्रमपुर और बाईपास की ओर जाने वाले वाहनों की क्रॉसिंग के चलते यहां अक्सर जाम की स्थिति बनती थी। इसी समस्या को देखते हुए यातायात पुलिस और नगर पालिका द्वारा स्थायी बैरिकेडिंग का निर्णय लिया गया। हालांकि, स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से की गई यह व्यवस्था अब लोगों के लिए नई परेशानी बन गई है। रोजमर्रा की जरूरतों के लिए बाजार जाने वाले लोगों को अनावश्यक रूप से लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

### इंदौर जा रही एसी स्लीपर बस के कर्मचारी पर मारपीट का आरोप

## बस स्टैंड चौराहे पर युवक की लाठी-डंडों से पिटाई

**छतरपुर।** शहर के व्यस्त बस स्टैंड फव्वारा चौराहे पर बुधवार रात सरेआम मारपीट की घटना सामने आई। आरोप है कि बुंदेलखंड ट्रांसपोर्ट कंपनी की छतरपुर से इंदौर जाने वाली रष्ट स्लीपर बस में कार्यरत कर्मचारी ने एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 10:15 बजे इंदौर जा रही बस बस स्टैंड से निकलकर फव्वारा चौराहे पर पहुंची थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर बस कर्मचारी बद्री और युवक संयोष पाठक के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने युवक पर लाठी-डंडों से हमला शुरू कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बीच सड़क पर हुई मारपीट से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन आरोपी लगातार युवक के साथ



मारपीट करता रहा। घटना के दौरान बस मालिक के नाम पर दबंगई दिखाने की भी चर्चा रही।

स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी शराब के नशे में दिखाई दे रहा था। मारपीट में युवक को चोटें आई हैं। घटना के बाद काफी देर तक मौके पर हंगामे जैसी स्थिति बनी रही।

पीड़ित संयोष पाठक ने मामले में पुलिस से शिकायत करने की बात कही है। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दे दी गई है, हालांकि देर रात तक एफआईआर दर्ज होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी।

इस घटना के बाद बस स्टैंड क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय बस स्टैंड इलाके में अक्सर विवाद और अव्यवस्था की स्थिति बनती रहती है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## दबंगों ने दी ग्रामीण को जान से मारने की धमकी

**छतरपुर।** जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम दिदौल में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का विरोध करना एक ग्रामीण परिवार को भारी पड़ रहा है। ग्राम दिदौल निवासी देवेंद्र मिश्रा ने छतरपुर कलेक्टर को शिकायती पत्र सौंपकर गांव के ही कुछ दबंग व्यक्तियों पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने प्रशासन से अपनी और अपने पुत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है।शिकायती पत्र में देवेंद्र मिश्रा ने उल्लेख किया है कि गांव में एक सोलर प्लांट का निर्माण हो रहा है, जिसके समीप स्थित सरकारी भूमि पर गांव के ही कुछ रसूखदार लोग अवैध रूप से दुकानें



बनाकर अतिक्रमण कर रहे हैं। इस अतिक्रमण को हटाने और गौशाला की भूमि को बचाने के उद्देश्य से जब गांव के सरपंच ओमप्रकाश दुबे ने तहसील कार्यालय में आवेदन दिया, तो देवेंद्र मिश्रा भी उनके साथ मौजूद थे। इसी बात से नाराज होकर आरोपी पक्ष ने पीड़ित को सरेआम गालियां दीं और घर से बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित का आरोप है कि आरोपी मजले उर्फ हरीशरण दुबे, मुन्ना उर्फ हरीशंकर दुबे, लल्लू उर्फ चंद्रशेखर दुबे, लखन दुबे और गोलू उर्फ सचिन दुबे लगातार उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़ित की बहनों को भी फोन पर धमकाया है। देवेंद्र मिश्रा ने प्रशासन को बताया कि इनमें से कुछ आरोपी पूर्व में भी हत्या जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त रहे हैं और वर्तमान में जमानत पर बाहर हैं। पीड़ित परिवार को आशंका है कि ये लोग जेल में बने अपने संपर्कों के माध्यम से उनकी हत्या करवा सकते हैं या उन्हें किसी झूठे केस में फंसा सकते हैं। फिलहाल पीड़ित ने कलेक्टर और एसडीएम से जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों की किया समीक्षा



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कलेक्टर तथा जिला पंचायत सीईओ पेयजल व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करें। समूह नल जल योजनाओं के कार्य शीघ्र पूरा कराकर हर गांव में पानी की आपूर्ति कराएं।सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विंध्य विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री पंचूलाल प्रजापति, कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शहर की निर्माणाधीन 6 टंकियों का कार्य जून तक पूरा कराकर पानी की आपूर्ति करें - डिप्टी सीएम

## सीवर लाइन निर्माण से क्षतिग्रस्त सड़कों का तत्काल रेस्टोरेशन कराने के निर्देश



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में कहा कि नगर निगम क्षेत्र में सीवर लाइन निर्माण और पेयजल व्यवस्था के कार्यों की विशेष निगरानी आवश्यक है। निर्माण एजेंसी सीवर लाइन निर्माण से क्षतिग्रस्त सड़कों का तत्काल रेस्टोरेशन कराए। गुलाब नगर के समीप माडल रोड में सीवर लाइन का कार्य 10 दिनों में पूरा कराकर सड़क में सुधार का कार्य कराएं। शहर में बनाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों को चालू कराकर सीवरेज लाइन से घरों को जोड़ें। आयुक्त नगर निगम निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करते हुए समय पर राशि जारी करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत-2 योजना से शहर में पानी की 12 बड़ी टंकियों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 6 टंकियों का निर्माण कार्य 30 जून तक पूरा करा दें। टंकी का निर्माण कार्य पूरा होने के साथ-साथ घरों में कनेक्शन देने का कार्य भी तत्परता से कराएं। इनसे लगभग 5 हजार घरों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति होने लगेगी। शहर में निर्माण कार्य के समय नगर निगम तथा अन्य विभाग समन्वय से कार्य करें जिससे पेयजल की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त न हो। किसी भी कारण से पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने पर तत्काल संबंधित निर्माण एजेंसी सुधार कराए। पानी की आपूर्ति में बाधा होने पर आमजनता को बहुत परेशानी होती है। पेयजल पाइपलाइन के लिए भी यदि कहीं सड़कें क्षतिग्रस्त की गई हैं तो तत्परता से सुधार कराएं। बैठक में निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि शहर में सीवरेज निर्माण के लिए खोदी गई केवल चार किलोमीटर सड़क का रेस्टोरेशन शेष है। गुलाब नगर में माडल रोड में 80 मीटर की रोड 15 दिन में कार्य पूरा करके सुधारी जाएगी। तोपखाना तथा सीएमएचओ कार्यालय के समीप भी सड़क सुधार का कार्य स्वीकृत कराया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, अध्यक्ष विन्ध्य विकास प्राधिकरण डॉ. पंचूलाल प्रजापति, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन, राजेश पाण्डेय तथा नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवक के घायल होने से ग्रामीणों में दहशत

# महसांव में जंगली जानवर का आतंक खेत में काम कर रहे किसान पर हमला

**रीवा जिले के गुढ़ क्षेत्र में बढ़ा वन्य जीवों का खतरा, खेतों में काम करने से डर रहे किसान**

**रीवा ।** जिले के गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महसांव में जंगली जानवर के हमले से एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों में इस घटना के बाद सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत महसांव निवासी चंद्रभान साकेत पिता हीरालाल साकेत उम्र लगभग 60 वर्ष अपने खेत में प्याज की खेती से संबंधित कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से चंद्रभान साकेत संभल नहीं सके और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के दौरान घायल किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए किसी तरह जंगली जानवर को वहां से भगाया और घायल किसान को सुरक्षित बाहर निकाला। हमले के कारण किसान के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। तत्पश्चात घायल कृषक को उपचार के लिए संजय गांधी चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।घटना की सूचना तुरंत गुढ़ थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गुढ़ थाना पुलिस से अयोध्या मुंशी अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा वन विभाग को भी घटना की जानकारी दे दी गई है, ताकि क्षेत्र में जंगली जानवर की तलाश कर ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत महसांव के शकरवार टोला क्षेत्र में अधिकांश लोग खेती-किसानी पर निर्भर हैं। यहां किसानों के घर एक-दूसरे से काफी दूरी पर बने हुए हैं। अचानक जंगली जानवर के गांव और खेतों तक पहुंच जाने से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। इस घटना के बाद खासकर महिलाएं, बुजुर्ग और खेतों में काम करने वाले किसान खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में लगातार गश्त कराई जाए तथा जंगली जानवर को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। वहीं ग्रामीणों ने घायल किसान को उचित उपचार और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह सम्मेलन में गूंजे मंगल गीत सामूहिक विवाह में 186 नवयुगलों ने थामा एक-दूजे का हाथ



**रीवा ।** जिले के त्यौंथर तहसील अन्तर्गत कृषि उपज चाकघाट मंडी प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह सम्मेलन में 184 नवयुगल जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार, सामाजिक रीति-रिवाज एवं पारंपरिक रस्मों के साथ परिणय सूत्र में बंध गए। विवाह समारोह में शहनाई की मधुर धुन और मंगल गीतों के बीच नवदंपत्तियों ने अपने नए जीवन की शुरुआत की। वहीं 2 निकाह के जोड़े भी सम्मिलित हुए। सम्मेलन में विभिन्न समाजों और समुदायों की भागीदारी ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामूहिक विवाह आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ-साथ बेटियों के सम्मान को भी बढ़ावा देते हैं। सम्मेलन की विशेष बात यह रही कि रीवा जनपद पंचायत के जनपद पंचायत सदस्य रामानुज आदिवासी ने अपनी पुत्री का विवाह भी इसी सम्मेलन में संपन्न कराया। वहीं जनपद पंचायत सीईओ प्रवीण बंसोड एवं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अरविंद तिवारी ने सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए कन्यादान की रस्म निभाते हुए कन्यादान किया। सभी नवयुगल जोड़ों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। अलग-अलग काउंटर बनाकर पंजीयन और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया गया।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य गीता माझी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मीनू आदिवासी, सांसद प्रतिनिधि सुशील चंद्र शुक्ला, ब्राम्हानारायण सिंह, मार्तंड सिंह, अंकित शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि एवं सामजिक सुरक्षा अधिकारी जनपद जवा, रीवा, सिरमौर और रायपुर कर्चुलियान उपस्थित रहे।

# प्रॉपर्टी कारोबार को लेकर विवाद, जिस दोस्त को सिखाया कारोबार

## उसी ने की करोड़ों की धोखाधड़ी, पीड़ित बोला भरोसे का फायदा उठाकर हड़पी जमीनें, अब झूठे मामलों में फंसाने की रच रहा साजिश



**रीवा।** शहर में भरोसे और प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़ा एक बड़ा विवाद सामने आया है। घोघर निवासी प्रॉपर्टी कारोबारी मोहम्मद शकील खान ने अपने पूर्व सहयोगी अनूप तिवारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस व्यक्ति को उन्होंने कारोबार में सहयोगी बनाकर आगे बढ़ाया, उसी ने विश्वास का फायदा उठाकर लाखों रुपये के लेन-देन और जमीनों में कथित हेराफेरी कर दी। इतना ही नहीं, अब उन्हें झूठे मामलों में फंसाकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। पीड़ित ने मीडिया के सामने आकर पूरे घटनाक्रम का खुलासा करते हुए पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है। मोहम्मद शकील खान ने बताया कि वर्ष 2021 में उनकी मुलाकात खन्ना चौक स्थित ज्योति फोटोकॉपी के संचालक अनूप तिवारी से हुई थी। जमीनों के दस्तावेजों की फोटोकॉपी और टाइपिंग के सिलसिले में लगातार संपर्क बना और धीरे-धीरे दोनों के बीच अच्छे संबंध हो गए। शकील खान के अनुसार अनूप तिवारी ने कई बार उनके साथ कारोबार में काम करने की इच्छा जताई। भरोसे और अच्छे व्यवहार को देखते हुए उन्होंने उसे अपने प्रॉपर्टी कारोबार में सहयोगी के रूप में शामिल कर लिया। पीड़ित का आरोप है कि शुरुआत में अनूप तिवारी ने पूरी ईमानदारी और मेहनत से काम किया, जिससे उनका विश्वास और मजबूत हो गया। धीरे-धीरे जमीनों की लिखा-पढ़ी, दस्तावेजों का प्रबंधन, बैंकिंग कार्य और निवेशकों से जुड़े लेन-देन की जिम्मेदारी भी उसे सौंप दी गई।शकील खान का कहना है कि विश्वास इतना बढ़ गया था कि उन्होंने अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, चेकबुक सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अनूप तिवारी की अभिरक्षा में रख दिए थे।उन्होंने आरोप लगाया कि कम पढ़े-लिखे होने का फायदा उठाकर अनूप तिवारी ने धीरे-धीरे पूरे कारोबार की बागडोर अपने हाथ में ले ली। पीड़ित का कहना है कि कारोबार में मुनाफा बढ़ने के बाद अनूप तिवारी की नीयत बदल गई और उसने पीठ पीछे धोखाधड़ी शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार ग्राम रौसर और अमिरती में लगभग साढ़े चार एकड़ भूमि उनके पैसों से अनूप तिवारी के नाम अनुबंध के माध्यम से खरीदी गई थी।आरोप है कि बाद में अनूप तिवारी ने बिना जानकारी दिए उक्त जमीनों को किस्तों में अन्य लोगों को बेचना शुरू कर दिया।जब इस संबंध में जानकारी मिलने पर उन्होंने आपत्ति जताई और अपने पैसों की मांग की तो दोनों के बीच विवाद गहरा गया।

### निवेशकों की रकम सीधे सहयोगी के खाते में कराई ट्रांसफर

शकील खान ने आरोप लगाया कि प्रॉपर्टी कारोबार में निवेश के लिए विभिन्न लोगों से प्राप्त रकम अनूप तिवारी के बैंक खातों में ट्रांसफर कराई जाती थी।उन्होंने बताया कि पंकज पाठक से 10 लाख रुपये, मंटू से 4 लाख रुपये, मो. शरीफ से 20.50 लाख रुपये, रिटायर्ड कर्नल आई.पी. शुक्ला से 15 लाख रुपये, वीरेश पाण्डेय से 12 लाख रुपये तथा अन्य लोगों से लगभग 18.40 लाख रुपये अनूप तिवारी के खाते में ट्रांसफर कराए गए थे।इसके अलावा समीर खान के माध्यम से अनूप तिवारी की पत्नी के खाते में 4 लाख रुपये आरटीजीएस से भेजे गए। वहीं स्वयं शकील खान ने भी अपने निजी खाते से लगभग 29.92 लाख रुपये ट्रांसफर करने का दावा किया है। पीड़ित के अनुसार इन लेन-देन के संबंध में कई व्यक्तियों ने शपथ पत्र भी दिए हैं तथा पुलिस को अपने बयान दर्ज कराए हैं।

### पत्नी के नाम खरीदी

जमीन मोहम्मद शकील खान ने आरोप लगाया कि उन्होंने अनूप तिवारी की पत्नी के नाम उसके गृहग्राम केमार में 10 लाख रुपये नगद देकर जमीन खरीदी थी।इसके अलावा जरूरत पड़ने पर कई किस्तों में करीब 12 लाख रुपये नगद भी दिए गए, जिसका उल्लेख उनके निजी रजिस्टर में दर्ज है और उस पर अनूप तिवारी के हस्ताक्षर भी बताए जा रहे हैं।शकील खान का दावा है कि भूमि विक्रेता सतानंद मिश्रा ने भी शपथ पत्र के माध्यम से इस लेन-देन की पुष्टि की है।

### झूठी शिकायतें कर बदनाम करने की रची जा रही साजिश

शकील खान ने आरोप लगाया कि पैसे मांगने और विरोध करने के बाद अनूप तिवारी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर थाना सिविल लाइन, अमहिया और सिटी कोतवाली सहित पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर कार्यालय में उनके खिलाफ झूठी शिकायतें देना शुरू कर दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महिलाओं के माध्यम से भी मिथ्या शिकायतें कराकर उन्हें सामाजिक रूप से बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।पीड़ित का कहना है कि यह पूरा मामला उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की साजिश का हिस्सा है।

# बैकुंठपुर थाना प्रभारी श्रृंगेश राजपूत को रुस्तम जी पुरस्कार, स्टाफ ने किया स्वागत



**सीएम द्वारा सम्मानित होने के बाद लौटे थाना प्रभारी**

**पुलिस महकमे में खुशी का माहौल**

**रीवा।** रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना प्रभारी श्रृंगेश राजपूत को मुख्यमंत्री द्वारा रुस्तम जी पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद थाना लौटने पर स्टाफ ने स्वागत किया।

### सीएम ने किया सम्मानित

थाना प्रभारी श्रृंगेश राजपूत को उत्कृष्ट कार्य और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सीएम द्वारा रुस्तम जी पुरस्कार से नवाजा गया। यह सम्मान पुलिस महकमे में साहस और सेवा भावना को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है।

### स्टाफ ने दी बधाई

पुरस्कार प्राप्त कर थाना पहुंचने पर बैकुंठपुर थाने के स्टाफ ने थाना प्रभारी का मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान स्टाफ ने एक फ्रेम्ड फोटो भी भेंट की, जिसमें पुरस्कार समारोह की यादें कैद हैं।पुलिस कर्मियों ने कहा कि थाना प्रभारी की मेहनत और नेतृत्व से पूरे थाने का मनोबल बढ़ा है। इस सम्मान से पूरे महकमे में खुशी का माहौल है।

# जिला जनगणना अधिकारी ने गणना कार्य का किया निरीक्षण



**रीवा ।** डिजिटल जनगणना कार्य को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशन में जिला जनगणना अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने विभिन्न गांवों का औचक निरीक्षण किया। रायपुर तहसील के चोरगड़ी और कोष्टा, हुजूर तहसील के इटौरा गांव का जिला जनगणना अधिकारी ने निरीक्षण किया। डिप्टी कलेक्टर श्री सिन्हा ने जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों और प्रगणकों से जानकारी ली तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि डिजिटल जनगणना शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए कार्य में और अधिक गति लाते हुए पूरी पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ इसे समय सीमा में पूरा किया जाए। प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग किए जाने से जिले में डिजिटल जनगणना अभियान में गति आयी है तथा अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं ताकि जनगणना कार्य बिना किसी त्रुटि के संपन्न हो सके।



# ईओडब्ल्यू ने ग्राम सचिव को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**रीवा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) रीवा ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मऊगंज जिले के हनुमना जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बलभद्रगढ़ के ग्राम सचिव शरदचन्द्र गिरी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सचिव पंचायत में कराए गए निर्माण कार्यों का भुगतान जारी करने के एवज में एक लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा था। ईओडब्ल्यू की टीम ने उसे पहली किश्त के रूप में 10 हजार रुपये लेते हुए ट्रैप किया।जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बलभद्रगढ़ में पुलिया निर्माण एवं पीसीसी रोड निर्माण कार्य कराया गया था। इन कार्यों के भुगतान की प्रक्रिया पंचायत सचिव के डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) एवं ओटीपी जनरेट करने के बाद ही पूरी हो सकती थी। आरोप है कि ग्राम सचिव शरदचन्द्र गिरी ने भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए सरपंच प्रतिनिधि से मोटी रिश्वत की मांग कर दी।फरियादी प्रकाश यादव, जो ग्राम पंचायत बलभद्रगढ़ की सरपंच के पति हैं, ने ईओडब्ल्यू रीवा कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का भुगतान निकालने के लिए उन्होंने 12 मई 2026 को आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन सचिव लगातार भुगतान रोककर रिश्वत की मांग कर रहा था। आरोपी ने भुगतान जारी करने के एवज में कुल एक लाख रुपये मांगे थे और पहली किश्त के रूप में 10 हजार रुपये तत्काल देने का दबाव बनाया था। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए ईओडब्ल्यू रीवा ने मामले का सत्यापन कराया। शिकायत सही पाए जाने पर टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई की तैयारी की। गुरुवार 14 मई को जैसे ही आरोपी ग्राम सचिव ने फरियादी से 10 हजार रुपये रिश्वत के रूप में लिए, उसी दौरान पहले से मौजूद ईओडब्ल्यू टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने आरोपी के कब्जे से रिश्वत की राशि बरामद की तथा मौके पर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पूरी ट्रैप कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण किरो के नेतृत्व में निरीक्षक मोहित सक्सेना, उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, उप निरीक्षक पवन राज, उप निरीक्षक (अ) संतोष पाण्डेय, प्रधान आरक्षक पुष्पेन्द्र पटेल, प्रधान आरक्षक सत्यनारायण मिश्रा, प्रधान आरक्षक घनश्याम त्रिपाठी, महिला प्रधान आरक्षक कुमारी पूजा सिंह गहरवार, आरक्षक धनंजय अग्निहोत्री एवं चालक आरक्षक संतोष मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मऊगंज मे जिला भाजपा की मासिक बैठक संपन्न



**मऊगंज।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला की जिलास्तरीय मासिक बैठक रीवा संभाग प्रभारी विजय दुबे जिला प्रभारी शशांक श्रीवास्तव के मुख्यअतिथ और जिला प्रशिक्षण प्रभारी अरुण द्विवेदी जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा और सांसद जनार्दन मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।संभाग प्रभारी के मऊगंज आगमन में भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला जैसे ही संभागीय प्रभारी जिला कार्यालय पहुँचे कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े और आतिसबाज़ी कर स्वागत किया साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को साकार करते पार्टी के अपेक्षित पदाधिकारी दिखे अपने आस पास के कार्यकर्ताओ को साथ ले कर कार्यक्रम स्थल पर पहुँचे जिससे डीजल और पेट्रोल की बचत हुई । बैठक की शुरुआत माँ भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र में पुष्पांजलि अर्पित और दीपप्रज्वलित कर किया गया, जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने आगामी संगठनात्मक ,पूर्वनिर्धारित बैठकों और जिला प्रशिक्षण को लेकर विस्तार से चर्चा किए। बैठक में जिला प्रभारी शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी के विचारधारा को मजबूत करने के लिए संगठन को आगे बढ़ाना और कार्यकर्ता को गढ़ना चाहिए ताकि पार्टी को मजबूती मिले ।बैठक में संभागीय प्रभारी विजय दुबे ने कहा कि शक्ति केन्द्रों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और जनसेवक लीडरसिप बाले कार्यकर्ताओं का चयन बगैर भेदभाव के करना चाहिए ।बैठक में जिला के जिला प्रशिक्षण प्रभारी अरुण द्विवेदी ने कहा कि आगामी 23 और 24 मई को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग को कार्यबिभाजित कर सफल बनाये ।बैठक में सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि जब भी जिला का पदाधिकारी मंडल का पदाधिकारी शक्ति केंद्र और बूथ स्तर का पदाधिकारी अपने लगन से मेहनत कर जब चुनाव करता है तो पश्चिम बंगाल जैसे परिणाम सामने आते हैं । जिला बैठक में जिले के सभी पदाधिकारी जिले के मोर्चा के अध्यक्ष गण, मंडल के अध्यक्ष गण और महामंत्री शक्ति केंद्र के संयोजक और अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# पाडर में लाखों के सामान की चोरी, लगातार वारदातों से ग्रामीणों में दहशत

**मऊगंज।** जिले के ग्राम पाडर में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीती रात चोरों ने निर्जला शुक्ला पति विजय कुमार शुक्ला के सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय निर्जला शुक्ला शादी समारोह में शामिल होने अपने मायके बरहट गई हुई थीं। इसी दौरान चोरों ने घर के बाहर और अंदर के दरवाजों के कुंडे तोड़कर घर में प्रवेश किया और सामान बिखेरते हुए चोरी कर फरार हो गए।सुबह गांव की छोटकानी साकेत ने घटना की जानकारी विद्याचरण को दी, जिसके बाद परिवार को सूचना दी गई। खबर मिलते ही निर्जला शुक्ला तत्काल अपने मायके से घर पहुंचीं तो घर का पूरा सामान अस्त-व्यस्त मिला।ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पाडर में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले में चोरों तक नहीं पहुंच सकी है। जिस घर में चोरी हुई, उसके आसपास भी पूर्व में पांच से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। वहीं 12 मई को भी गांव में चोरी की एक अन्य वारदात हुई थी, लेकिन आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस डॉग स्क्वॉड की मांग की, ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके। इस संबंध में थाना प्रभारी मऊगंज एवं प्रभारी एसपी विक्रम सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मऊगंज में डॉग स्क्वॉड की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। वहीं वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश भी सफल नहीं हो सकी।लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने सख्त कार्रवाई नहीं की तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।